निर्वाचन भवन
58, अरेरा हिल्स भोपाल–462011
Email - commissionersec@gmail.com
Ph-No. - 0755-2575616

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

हर वोट कीमती • हर निकाय महत्वपूर्ण

क्र./एफ–78–27/2017/छः/455   भोपाल, दिनांक 01 /12/2017

प्रति,

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी,
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला समस्त (मध्यप्रदेश)।

विषय : नगर पालिका एवं पंचायत आम तथा उप निर्वाचन 2017 (उत्तरार्द्ध) – ऑनलाईन नामनिर्देशन (OLIN) – प्रशिक्षण हेतु पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन।

संदर्भ : इस कार्यालय का परिपत्र क्रमांक एफ–78–27/2017/छः/42 भोपाल, दिनांक 23.05.2017 एवं एफ–78–27/2017/छः/50 भोपाल, दिनांक 13.07.2017 एवं एफ–78–27/2017/छः/410 भोपाल, दिनांक 06.10.2017

——x——

1. कृपया संदर्भित पत्रों का अवलोकन करें। आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि निम्नलिखित पदों के आगामी आम एवं उप निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाईन नामनिर्देशन (OLIN) की अतिरिक्त सुविधा प्रदान की जायेगी :–
   - i. **नगर पालिका आम एवं उप निर्वाचन में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए।**
   - ii. **पंचायत आम एवं उप निर्वाचन में सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए।**
2. ऑनलाईन नामनिर्देशन (OLIN) के सम्बंध में प्रशिक्षण हेतु निम्नलिखित पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है। कृपया तदानुसार प्रशिक्षण प्रदान करने की समुचित व्यवस्था करें।
   - i. **रिटर्निंग ऑफिसर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिए।**
   - ii. **सुविधा केन्द्रों पर कार्य करने वाले डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं अन्य केन्द्रों पर कार्य करने वाले डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए।**
   - iii. **सम्भावित अभ्यर्थी और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण के लिए।**
3. ऑनलाईन नामनिर्देशन (OLIN) के हैण्डऑन प्रशिक्षण के लिए टेस्ट लिंक आयोग की वेबसाईट www.mplocalelection.gov.in पर उपलब्ध करा दी गई है। उक्त टेस्ट लिंक दिनांक 15 दिसम्बर 2017 तक हैण्डऑन प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। हैण्डऑन प्रशिक्षण की व्यवस्था मेप आईटी द्वारा संचालित ई–दक्षता केन्द्रों पर की जाये।

संलग्न – यथोपरि

(सुनीता त्रिपाठी)
सचिव
म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग

o/c

पृष्ठ. क्र./एफ–78–27/2017/छः/456 भोपाल, दिनांक 01/12/2017

प्रतिलिपि –

1. संभागीय आयुक्त, समस्त, मध्यप्रदेश।
2. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम एवं राज्य स्तरीय एजेन्सी भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. प्रबंध संचालक, मेप आई.टी. भोपाल। कृपया मध्यप्रदेश ऑनलाईन कियोस्क/लोकसेवा केन्द्र के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रबंध संचालक, लोकसेवा अधिकरण भोपाल। कृपया मध्यप्रदेश ऑनलाईन कियोस्क/लोकसेवा केन्द्र के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के प्रशिक्षण के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. लेखाधिकारी (बजट/निर्वाचन) मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल।
6. मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के समस्त अधिकारियों की ओर सूचनार्थ/योग्य कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
7. व्यय लेखा/स्टोर (स्थापना/निर्वाचन) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
8. आई.टी. शाखा प्रभारी, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग।
9. गार्ड फाईल।

उप सचिव
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

O/C